प्रादेशिक समाचार
08.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. सुप्रीम कोर्ट ने सारंडा क्षेत्र को सेंक्चुअरी घोषित करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को दी मंजूरी, सेल और वैध माइनिंग लीज प्रभाव क्षेत्र से रहेंगे बाहर।

2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में दो शहीद आरक्षियों के परिजनों को 1 करोड़ 10 लाख की सहायता राशि सौंपी, शहीद बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय की घोषणा की।

3. गिरिडीह में दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, "नई दिशा–एक नई पहल" पुनर्वास योजना के तहत मुख्य धारा में हुए शामिल।

4. जामताड़ा में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर कार्यशाला आयोजित, शिल्पकारों को व्यवसाय और ऋण सुविधा की दी गई जानकारी।

5. मौसम विभाग ने कल राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश की जताई संभावना, 11 अक्टूबर से झारखंड में मानसून की विदाई होगी शुरू।

********************

सुप्रीम कोर्ट ने सारंडा क्षेत्र में 31,468.25 हेक्टेयर को सेंक्चुअरी घोषित करने की राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने SAIL और वैध माइनिंग लीज को सेंक्चुअरी के प्रभाव क्षेत्र से मुक्त रहने और एक सप्ताह में संबंधित शपथ पत्र दायर करने का आदेश दिया। न्यायालय ने स्टील उत्पादन और राष्ट्रीय महत्व की आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए सेंक्चुअरी घोषित करते समय खनन प्रभावित न होने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायाधीश के विनोद चंद्रन ने सरकार, सेल और एमिकस करिए (Amicus Curiae) की दलील सुनने के बाद यह आदेश जारी किया।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में शहीद आरक्षी सुनील कुमार राम और संतन कुमार मेहता के परिजनों को 1 करोड़ 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता राशि का चेक सौंपा। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शहीद जवानों के बच्चों के लिए निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने हेतु रांची में आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जाएगा, साथ ही सरकार परिवार को पेंशन तथा अन्य लाभ सुनिश्चित करेगी।

********************

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष और सीपीए झारखंड शाखा के सह सभापति रबीन्द्रनाथ महतो 68वें कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए बारबाडोस पहुँच चुके हैं। झारखंड से प्रतिनिधिमंडल में सदस्य नवीन जयसवाल भी उनके साथ शामिल हैं। 5 से 12 अक्टूबर तक ब्रिजटाउन, बारबाडोस में "द कॉमनवेल्थ, अ ग्लोबल पार्टनर" थीम के तहत आयोजित इस सम्मेलन में वैश्विक लोकतंत्र संकट, तकनीकी परिवर्तन, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक असमानताओं सहित विभिन्न संसदीय मुद्दों पर आयोजित चर्चा और कार्यशाला में विधानसभा अध्यक्ष श्री महतो अपने व्याख्यान भी प्रस्तुत करेंगे।

********************

गिरिडीह जिले में सीआरपीएफ बोकारो डीआईजी अमित कुमार सिंह, गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव और एसपी डॉ. बिमल कुमार के समक्ष दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले शिवलाल हेंब्रम उर्फ शिव और दस्ता सदस्य सरिता हांसदा उर्फ उर्मिला को "नई दिशा– एक नई पहल" के तहत पुनर्वास कार्यक्रम के जरीये मुख्य धारा में शामिल किया गया। डीआईजी अमित कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल पारसनाथ जोन की कमान इन दोनों के पास थी।

********************

खूंटी में कांग्रेस के कुछ वर्ग ने जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा के पुनर्निर्वाचन पर नाराजगी जताते हुए झारखंड प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के वाहन को रोककर नारेबाजी की। युवा कांग्रेस अध्यक्ष अरुण संगा, ओबीसी और अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे अन्यायपूर्ण बताया और जिलाध्यक्ष को अविलंब हटाने की मांग की। कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया पारदर्शी रही और इसी कारण रवि मिश्रा को पुनः जिलाध्यक्ष बनाया गया।

********************

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। इसकी शुरूआत 22 सितंबर से हुई थी। जीएसटी सुधार से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है।

********************

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जामताड़ा के कर्माटांड़ प्रखंड में शिल्पकारों के लिए जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई, कार्यशाला के माध्यम से व्यवसाय को उद्योग का रूप देने और ऋण प्राप्ति की जानकारी दी गई। एमएसएमई धनबाद के सहायक निदेशक सुजीत कुमार ने बताया कि योजना का उद्देश्य शिल्पकारों को आत्मनिर्भर बनाना है।

********************

रांची के डोरंडा स्थित खुखरी गेस्ट हाउस में इप्सोवा द्वारा 16 से 18 अक्टूबर तक दिवाली मेले का आयोजन किया जाएगा। इप्सोवा अध्यक्ष शिखा गुप्ता ने बताया कि मेले के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन को आमंत्रित किया गया है। लोकनृत्य, संगीत संध्या, रॉक बैंड प्रतियोगिता, लकी ड्रॉ और बच्चों के मनोरंजन के विविध कार्यक्रम इस मेले के आकर्शण के केंद्र रहेंगे।

********************

पलामू जिले में ग्रामीणों को अब जाति, आवासीय, आय, प्रमाण पत्र से लेकर मैरिज सर्टिफिकेट तक की सारी सुविधाएं सीधे पैक्स से उपलब्ध होगी।

********************

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार कल रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, 11 अक्टूबर से राज्य में मानसून की विदाई शुरू हो जाएगी और इसके बाद राज्य में शुष्क मौसम स्थापित होगा।

********समाप्त*********